दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 03/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पीएमसीएच पुनर्विकास योजना के तहत पहले चरण में निर्मित अस्पताल भवन के दो टावर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस भवन में मरीजों के लिए एक हजार एक सौ सत्रह बेड की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। पहले चरण में पैंसठ आईसीयू और चौवालीस पोस्ट आईसीयू के साथ ही विशेष कक्ष भी उपलब्ध होंगे। इस चरण में कुल दो हजार पांच सौ सत्ताईस बेड की सुविधा रहेगी। इसमें एक सौ साठ करोड़ के उपकरण, ओपीडी और इमरजेंसी में लगाये गये हैं। अस्पताल के तीसरे टावर को आगामी सितम्बर महीने और चौथे टावर को अगले साल तक शुरू कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि विश्व के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल बनने वाले पीएमसीएच में कुल पांच हजार चार सौ बासठ बेड वाले नये भवन का तीन चरणों में निर्माण होना है। इस पर कुल पांच हजार चार सौ साठ करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

---

प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियों को जुलाई महीने तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस महानिदेशक और विभागीय प्रमुख सचिवों के साथ बैठक में कहा कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की व्यवस्था करें। चुनाव आयोग ने ईवीएम मशीनों की फस्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो तीस जून तक पूरी कर ली जायेगी। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम की जांच का निर्देश दिया है।

---

खेल स्पर्धाओं के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स–दो हजार पच्चीस की कल पटना में रंगारंग और भव्य शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया पाटलिपुत्र खेल परिसर में शाम छह बजे कार्यक्रम का उद्घाटन

करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के जरिए समारोह को संबोधित करेंगे। पन्द्रह मई तक चलने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दस हजार से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि यूथ गेम्स की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। खेलो इंडिया में शामिल हो रहे खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। रग्बी खिलाड़ी मोहम्मद अरमान आलम ने कहा कि इस बड़े आयोजन से बिहार में खेलो का वातावरण और बेहतर होगा।

---

पांच से अठारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार—दो हजार पच्चीस में नामांकन अब इस वर्ष इकतीस जुलाई तक कराये जा सकते हैं। यह पुरस्कार बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला संस्कृति, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

---

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की है। वे आज वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। श्री मुरुगन ने दसवें राष्ट्रीय कम्युनिटी रेडियो पुरस्कार भी प्रदान किए। बिहार के मयूर कला केंद्र का रेडियो मयूर को थीमेटिक पुरस्कार श्रेणी में टेक सखी कार्यक्रम के लिए प्रथम पुरस्कार मिला।

---

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के साथ ही अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इस दौरान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने आज राज्य के उत्तर—पश्चिम और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।